News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-130
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

# बिहार सिटी चीफ

बिहार, सोमवार 12 अगस्त 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM



**आज का विचार**

यूँ ही नहीं मिलती सफलता बहुत कुछ खोना पड़ता है, मेहनत और लगन के धागों को हौंसलों से पिरोना पड़ता है।

## पत्नी और ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग एयरफोर्स रिटायर अधिकारी ने की आत्महत्या, पैसों का था विवाद

# इसी साल हुए था रिटायर, रिटायरमेंट पैसे को लेकर था विवाद



**मोतिहारी/रक्सौल।** पूर्वी चंपारण जिला के रक्सौल थाना क्षेत्र में एयरफोर्स मेडिकल कोर में रहे एक रिटायर्ड अधिकारी का पंखा से लटका हुआ शव बरामद हुआ है. उसके पॉकेट से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें पत्नी और ससुराल वालों के प्रताड़ना से तंग होकर आत्महत्या करने की बात लिखी हुई है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव कै कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया. मृत एयरफोर्स अधिकारी का नाम मोहम्मद शाह आलम है. उम्र करबी 38 वर्ष बतायी गयी है. रक्सौल थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर के रहने वाले थे. उनको एक बेटी और एक बेटा है. मिली जानकारी के अनुसार मो. शाह आलम इंडियन एयरफोर्स के मेडिकल कोर में पैथोलोजी विभाग में थे. इसी साल जनवरी में वह लुधियाना से रिटायर हुए थे. मृतक के ससुर,सास और पत्नी उनको फोन पर बहुत ज्यादा प्रताड़ित करते थे. शाह आलम के पॉकेट से मिले सुसाइड नोट मिला है उसमें लिखा है कि मेरी बीवी साजिया और मेरे ससुराल की तरफ से मैं बहुत टॉर्चर किया जा रहा हूं. इससे मेरा मानसिक तनाव बहुत बढ़ गया है. मैं अब जीना नहीं चाहता हूं. मैं अपना जीवन समाप्त कर रहा हूं. सुसाइड नोट में इतना लिखने के बाद उन्होंने नीचे अपना हस्ताक्षर किया है. मृतक के भाई सगीर अंसारी ने बताया कि उसके भाई शाह आलम की पत्नी दुबई में रहती है. वहां ब्यूटीपार्लर चलाती है. सगीर अंसासी ने बताया कि भाई को रिटायरमेंट के बाद पैसा मिला था. उसके ससुराल वाले और उसकी पत्नी पैसे की मांग कर रहे थे. जबकि मेरे भाई ने अपने ससुराल वालों का घर भी बनवाया था. उसकी पत्नी और ससुराल वाले उसको तलाक के लिए दबाब बनाते थे एवं जितना कमाया है, सारा पैसा हमलोगों को दो इसी सब प्रताड़ना से मेरे भाई ने आत्महत्या किया है. मृतक के नाबालिग पुत्र ने बताया कि उसके पिता सुसाइड नहीं कर सकते हैं. उसने अम्मी और नाना नानी पर प्रताड़ना का आरोप लगाया.

# भाजपा जिला नेताओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर माल्यार्पण किया

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
शिवहर, शिवहर भारतीय जनता पार्टी शिवहर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बसंत कुमार सिंह, की अध्यक्षता, में महान स्वतंत्रता सेनानी सरदार बल्लभ भाई पटेल , राष्ट्रपिता महात्मा गॉंधी एवं उत्तर बिहार के गोरा बाबू के नाम से प्रचलित महान स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर नबाब सिंह जी के प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाकर माल्यार्पण किया गया ।

इस अवसर पर किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री जिला प्रभारी वीरेंद्र सिंह, जिला महामंत्री विनय कुमार सिंह , जिलाउपाध्याक्ष डा नूतन माला सिंह,पंचयातिराज् प्रदेश प्रवक्ता डा राम बहादुर प्रसाद गुप्ता,
ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 2014 में देश की जनता ने अपार जनमत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी को भारत का नेतृत्व दिया तब से आज तक स्वतंत्रता सेनानी के प्रतिमा पर संकल्पित होकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उनके पुण्य तिथि या स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान एवं माल्यार्पण कार्यक्रम लगातार करते रहे हैं ।

स्वतंत्रता सेनानी के कारण ही हम देशवासी स्वतंत्र जीवन जी रहे हैं



मोदी जी के नेतृत्व में 2047 तक स्वच्छ, स्वस्थ, और विकसित भारत बनकर पूरे विश्व में स्थापित होकर रहेगा।

जिलाध्यक्ष नीरज सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्य कर्ता लगातार कार्य क्रम कर रहे हैं

इस कार्य क्रम के जिला प्रभारी धर्मेन्द्र पाण्डेय है जिलामंत्री जय प्रकाश गुप्ता, मुकेश चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी संजय तिवारी,मंडल अध्यक्ष नितेश कुमार सिंह, पंचयाती राज् प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष मुखिया विनोद साह,किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह,सरवन कुमार साह बरिष्ठ नेता सरोज झा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता नगर महामंत्री भारत भूषण दुबे, छोटू गुप्ता, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुरलीधर प्रसाद सिंह युवा मोर्चा जिला महामंत्री उतम पटेल, विधि प्रकोष्ठ शशि सुमन आदि मौजूद रहे।

बिहार में बन रहा देश का सबसे बड़ा विराट रामायण मंदिर
270 फीट की ऊंचाई को पर्यावरण प्राधिकरण से मिली मंजूरी !

पूर्वी चंपारण, महावीर मंदिर न्यास द्वारा पूर्वी चंपारण के कैथवलिया में निर्माणाधीन विराट रामायण मंदिर के 270 फीट की ऊंचाई को पर्यावरण प्राधिकरण का क्लीयरेंस मिल गया है। राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण ने रामायण मंदिर की ऊंचाई को अपनी मंजूरी दे दी है! इस मंदिर की ऊंचाई को लेकर राज्य विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के बाद राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण ने यह फैसला लिया है। महावीर मंदिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने सोमवार को बताया कि इस मंदिर की ऊंचाई पूर्व में 225 फीट रखी गई थी !

यह कंबोडिया के अंकोरवाट मंदिर से थोड़ा अधिक था. अंकोरवाट मंदिर की ऊंचाई 220 फीट है।

कंबोडिया सरकार की आपत्ति के बाद विराट रामायण मंदिर के डिजाइन में परिवर्तन किया गया. इसकी ऊंचाई को बढ़ाकर 270 फीट कर दिया गया है। मंदिर की चौड़ाई 540 फीट और लंबाई 1080 फीट है।

आचार्य किशोर कुणाल ने बताया कि विराट रामायण मंदिर देश का सबसे बड़ा मंदिर बनने जा रहा है। इसके 3246 भूगर्भ खंभों का निर्माण पूरा हो चुका है। इस विराट रामायण मंदिर में कुल 2101 पिलर होंगे. अयोध्या से जनकपुर तक बन रहे राम जानकी मार्ग पर स्थित विराट रामायण मंदिर के परिसर में शिवगंगा का निर्माण भी किया जाएगा !

### बिहार के सभी लोकसभा क्षेत्र से कम से कम एक महिला उम्मीदवार को जन सुराज से विधानसभा चुनाव लड़ाया जाएगा

# अगले विधानसभा में 40 से अधिक महिला विधायक सदन में बैठेंगीः प्रशांत किशोर

**पटन।**, जन सुराज पदयात्रा के शिल्पकार प्रशांत किशोर ने महिलाओं के चुनाव में भाग लेने को लेकर बड़ी घोषणा की है। महिलाओं को लेकर एकदम स्पष्ट बात रखते हुए कहा कि बिहार में आज की जो परिस्थिति है, उस हिसाब से महिलाओं का मोर्चा बनाना संघठन बनाना, झूठ का कहना कि मैं 30 से 50 प्रतिशत आरक्षण दे दूंगा ये सही नहीं है। जन सुराज में हमलोगों की सोच है कि जिले में कम से कम 1 महिला नेत्री को चुनाव जरूर लड़ाया जाए। अब ये जिम्मेदारी हम सब की है कि बिहार के अलग-अलग जिलों में ऐसी महिलाओं को ढूंढ कर निकालें जो समाज के लिए बेहतर काम कर पाए। आज तक बिहार के इतिहास में किसी भी दल में 30



महिला विधायक नहीं बनी है। हम जन सुराज वाले लोग 40 की बात कर रहे हैं। मैं ये प्रस्ताव आप सब बिहार के लोगों के सामने रख रहा हूं कि जन सुराज दल और व्यवस्था के तहत कम से कम 1 महिला नेत्री साथी को अवसर दिया जाए। मैं यह भी साफ कर देना चाहता हूं कि अगर जिले में 2 अच्छी महिला नेत्री हुई तो इसका मतलब ये नहीं है कि उन्हें नहीं बढ़ाया जाएगा। मैं जो आपको बता रहा हूं इसे जन सुराज के संविधान में शामिल किया जाएगा।

# राजकीय डिग्री कॉलेज में पुस्तकालय दिवस मनाया गया




**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
शिवहर, 2024 को एस आर रंगनाथन के जन्मदिन के अवसर पर राजकीय डिग्री महाविद्यालय, शिवहर के पुस्तकालय भवन में राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार ने बताया कि छात्रों को लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उन्हें पुस्तक को मित्र बनाने की जरूरत है, उन्होंने आगे कहा कि इस महाविद्यालय में पुस्तकालय की स्थापना हो जाने के कारण के पुस्तक अध्ययन कक्ष में हमेशा अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों की भीड़ ही लगी रहती है।

उन्होंने कहा कि छात्र -छात्राओं को नियमित रूप से अपने पाठ्य पुस्तक से संबंधित किताबें पढ़नी चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अह्वान करते हुए कहा कि अब सब समय आ गया है कि हम सभी पुस्तक की ओर लौटे। पुस्तकी ज्ञान के बल पर ही हम अपने लक्ष्य को भेद सकते हैं। इस अवसर पर अर्थशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ रंजीत रंजीत प्रसाद वर्मा , मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ अजय कुमार शरण एवं भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ देवव्रत नागभूषण के साथ-साथ छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले परेड के पूर्वाभ्यास का डीएम- एसपी ने किया निरीक्षण

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
शिवहर, 78 वें स्वतंत्रता दिवस को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा व्यापक रूप से तैयारी की जा रही है।

आज समाहरणालय मैदान में चल रहे परेड का आज अंतिम रूप दिया गया। जिला पदाधिकारी पंकज कुमार ,पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय ने परेड का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश सार्जेंट को दिया है।

परेड का निरीक्षण करते हुए



डीएम- एसपी ने बहादुर पुलिस जवानों को परेड में शामिल महिला पुलिस बल, जिला पुरुष पुलिस बल, होमगार्ड,भारत स्काउट सहित एनसीसी कैडेट को आवश्यक निर्देश दिया है।

गौरतलब हो कि 78 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री सह- अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमां खां के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को फहराया जाएगा।

मौके पर उप विकास आयुक्त सह प्रोन्नत आईएएस पदाधिकारी अतुल कुमार वर्मा, अपर समाहर्ता प्रमोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अविनाश कुणाल, सीडीपीओ अनिल कुमार सहित सभी विभागों के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का मांगों को लेकर तरियानी अंचल कार्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
शिवहर, शिवहर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्यव्यापी आंदोलन के आलोक में बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार और केंद्र सरकार की किसान, मजदूर ,छात्र, नौजवान विरोधी नीतियों के खिलाफ आज तरियानी अंचल कार्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन किया गया है।

धरना प्रदर्शन का आयोजन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल परिषद तरियानी के कामरेड शत्रुघ्न साहनी के नेतृत्व में किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कामरेड रामचंद्र महतो जिला प्रभारी बिहार राज्य सचिव मंडल सदस्य रहे तथा मुख्य प्रवक्ता के तौर पर कामरेड अजय कुमार सिंह, कामरेड जयप्रकाश राय आदि मौजूद रहे।

कामरेज शत्रुघ्न साहनी,कामरेड हैदर अली रंगरेज सहित कामरेड अभिराम सिंह ,कामरेड रामनरेश कुमार, कामरेड जगनारायण साह ने अपने संबोधन में कहा कि भ्रष्टाचार ,महंगाई एवं बेरोजगारी पर रोक लगाने ,दाखिल खारिज में घूसखोरी एवं धांधली पर रोक लगाने को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया है।

वही वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में घुसखोरी पर रोक लगाने, विद्यालयों में तथा आंगनबाड़ी केदो पर सरकार द्वारा बच्चों की खाना में हो रहे घोटाला एवं कटौती पर रोक लगाने सहित आधार कार्ड बनाने में गरीबों से मनमानी पैसा लिया जाता है सहित रोक लगाने की मांग की गई है।

धरना प्रदर्शन में एक 22 सूत्री मांगों को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने भूमि परिवार जो बिहार सरकार और मलिकान जमीन पर वर्षों से बसे गरीबों को बासकित पर्चा अविलंब निर्गत करने तथा भूमिहीन परिवारों को 5 डिसमिल जमीन देखकर की अनुरोध किया गया है।